# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का समेकित वार्षिक प्रतिवेदन

## सत्र – 2023–2024

जैन विश्वभारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय)

लाडनूं–341306, डीडवाना–कुचामन (राजस्थान)

# भारत के पंचप्रणः एक युवा परिचर्चा का आयोजन

दिनांकः—08.04.2023

संस्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्देशित **युवा संवाद—India@2047 जिसका विषय 'भारत के पंचप्रणः एक युवा परिचर्चा'** का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में डॉ. आभा सिह द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि पंचप्रण वह मार्ग है जिनपर चलकर एक विकसित भारत की संकल्पना को मूर्त रूप दिया जा सकता है। मुख्य अतिथि प्रो. रेखा तिवारी ने कहा कि देश के विकाश में युवाओं का योगदान महत्वपूर्ण है। द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता एवं विशेषज्ञ के रूप में प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी ने पंचप्रण पर विद्यार्थीयों का ध्यान केन्द्रित करते हुए कहा कि ये पंचप्रण ही वे शक्तियाँ है जो हमें विकसित भारत की ओर ले जाएगी। प्रो. त्रिपाठी ने ऐतिहासिक घटनाओं का उदाहरण देकर विद्यार्थीयों को बताया कि किस प्रकार हमारी धरोहरों को नष्ट कर के हमारी संस्कृति को नष्ट करने का कार्य पूर्व में आक्रान्ताओं द्वारा किया गया। नालन्दा विश्वविद्यालय को जलाकर हमारी बौद्धिक सम्पदा को नष्ट करने का प्रयास किया गया। तृतीय सत्र में छात्राओं ने पंचप्रण पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रथम स्थान सीमा द्वितीय स्थान पर प्रियंका तृतीय स्थान पर पायल मीणा रहीं। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. रविन्द्र सिंह राठौड़ समन्वयक—राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई प्रथम ने कहा की. हमारी विरासत अमीट है और विश्व के सबसे ज्यादा युवा भी भारत में ही हैं और आज सारा विश्व भी यह मानता है



## देश के विकास में युवाओं का योगदान महत्वपूर्ण

### जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय में भारत के पंचप्राण, एक युवा परिचर्चा का आयोजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

लाडनूं. जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा निर्देशित युवा संवाद-इंडिया 2047 विषय भारत के पंचप्राण, एक युवा परिचर्चा का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रो. रेखा तिवाड़ी ने कहा कि देश के विकास में युवाओं का योगदान महत्वपूर्ण है। मुख्य वक्ता एवं विशेषज्ञ के रूप में प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी ने पंचप्राण पर विद्यार्थियों का ध्यान केन्द्रित करते हुए कहा कि ये पंचप्राण ही वे शक्तियां हैं जो हमें विकसित भारत की ओर ले जाएगी। प्रो. त्रिपाठी ने ऐतिहासिक घटनाओं का उदाहरण देकर विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार हमारी धरोहरों को नष्ट करके हमारी संस्कृति को नष्ट करने का कार्य पूर्व में आक्रान्ताओं द्वारा किया गया। नालन्दा विश्वविद्यालय को जलाकर हमारी बौद्धिक सम्पदा को नष्ट करने का प्रयास किया गया। तृतीय सत्र में छात्राओं ने पंचप्राण पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रथम स्थान सीमा, द्वितीय स्थान पर प्रियंका, तृतीय स्थान पर पायल मीणा रहीं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रविन्द्र सिंह राठौड़ समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइ प्रथम ने कहा कि हमारी विरासत अमीट है और विश्व के सबसे ज्यादा युवा भी भारत में ही है और आज सारा विश्व भी यह मानता है कि भारत विश्व गुरु है। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस समन्वयक डॉ. बलबीर सिंह चारण ने किया। कार्यक्रम में डॉ. अमीता जैन, डॉ. लिपि जैन, अभिषेक चारण अभिषेक शर्मा एवं प्रमोद ओला भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

लाडनूं. मुख्य वक्ता प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी एवं उपस्थित संभागी।

कि भारत विश्व गुरू है। संकल्प शक्ति, कर्तव्य गरीमा के साथ हमें आगे बढ़ना है। कार्यक्रम  का संचालन डॉ. आभा सिंह, एन. एस. एस. समन्वयक इकाई द्वितीय द्वारा किया




गया। कार्यक्रम में डॉ. अमीता जैन, डॉ. सरोज राय, डॉ. लिपि जैन, डॉ. बलबीर सिंह, अभिषेक चारण, अभिषेक शर्मा एवं प्रमोद ओला आदि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 180 विद्यार्थीयों ने भाग लिया।

# संस्थान में अंबेडकर जयंती का आयोजन

दिनांकः—13.04.2023

संस्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंबेडकर जयंती मनाई गई। विभागाध्यक्ष प्रो. बनवारी लाल जैन ने बताया कि डॉ. बी. आर. अंबेडकर एक प्रसिद्ध राजनीतिक नेता, दार्शनिक, लेखक, अर्थशास्त्री, न्यायविद्, बहु—भाषाविद्, धर्म दर्शन के विद्वान और एक समाज सुधारक थे, जिन्होंने भारत में छूआछूत और सामाजिक असमानता के उन्मूलन के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका मानना था कि अस्पृश्यता को हटाए बिना राष्ट्र की प्रगति संभव नहीं हो सकती है। लोग उन्हें बाबासाहेब कहकर बुलाते थे। बाबासाहेब ने भारत के संविधान निर्माण में सबसे अहम भूमिका निभाई जिसके चलते उन्हें संविधान का जनक भी कहा जाता है। प्रो. जैन ने कहा की समाज में व्याप्त छूआछूत और सामाजिक असमानता की समस्या का समाधान शिक्षा द्वारा ही संभव है। छात्राओं ने समाज में व्यापत कुरीतियों एवं खामियों से संबन्धित प्रश्न किए जिनका समाधान प्रो. जैन ने दिए। अभिलाषा स्वामी एवं ऐश्वर्या ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में एन. एस. एस. समन्वयक डॉ. आभा सिंह, डॉ. अमीता जैन, डॉ. सरोज राय, डॉ. विष्णु कुमार, डॉ. गिरधारी लाल शर्मा, प्रमोद ओला आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 200 विद्यार्थीयों ने भाग लिया।



# एन.एस.एस. की स्वयंसेविकाओं ने पंचप्रण शपथ ग्रहण की

दिनांकः—09.08.2023

संस्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार द्वारा संचालित 'मेरी—माटी मेरा—देश' अभियान के तहत बुधवार को पंच—प्रण थीम के प्रति



प्रतिबद्धता व्यक्त करने के लिए विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण करवाने का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें कुलसचिव प्रो. बी.एल. जैन ने सबको शपथ दिलाई। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय के प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि एनएसएस के तत्वावधान में इस अभियान का प्रथम चरण 16 अगस्त तक चलाया जाएगा। इसके तहत आयोजय विभिन्न कार्यक्रमों में अमृत वाटिका के तहत संस्थान परिसर एवं गोद लिए गए गांव में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जाएगा। एक रैली का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही स्वयंसेविकाओं में सृजनात्मक विकास के लिए मेरी माटी मेरा देश थीम को आधार मान कर पोस्टर निर्माण एवं स्लोगन निर्माण प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 123 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# वृक्षारोपण एवं देशभक्ति गायन प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित

दिनांकः—12.08.2023

राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में 'मेरी—माटी, मेरा—देश' अभियान के तहत जैन विश्वभारती संस्थान परिसर में 20 छायादार एवं 5 औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इसके पश्चात आयोजित देशभक्ति गायन प्रतियोगिता में स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि एवं उनके सम्मान में राष्ट्रभक्ति गीतों की प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें ज्योति बुरड़क, मोनिका बुरड़क, संजू, पायल मीणा, रजनी स्वामी, हिमांशी चौधरी, ज्योति, कोमल प्रजापत, कंचन तथा दिव्या ने अपनी प्रस्तुतियां दी। प्रतियोगिता में मोनिका बुरड़क प्रथम रही। कोमल प्रजापत द्वितीय तथा हिमांशी चौधरी तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में निर्णायक सहायक आचार्या प्रमोद ओला एवं नेहा शर्मा थी। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. बीएल जैन ने पर्यावरण संरक्षण में वृक्षारोपण के कार्य को उपयोगी बताया। दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के निदेशक प्रो. आनंदप्रकाश त्रिपाठी ने भारत सरकार के इस प्राचीन औषधीय पौधों का संवर्धन करने एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता



ई-पेपर

पत्रिका

Share font-inc Image View Text

**पौधरोपण एवं देशभक्ति गायन प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन**

लाडनूं. पौधरोपण कार्यक्रम में पौधा लगाते प्रो. त्रिपाठी एवं उपस्थित कैडेट्स।

**लाडनूं @ पत्रिका.** संस्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में मेरी-माटी-मेरा-देश अभियान के तहत पौधरोपण तथा देशभक्ति गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्थान परिसर में 20 छायादार एवं 05 औषधीयों के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. बीएल जैन ने पर्यावरण संरक्षण में वृक्षारोपण के कार्यक्रम को काफी उपयोगी बताया। दूरस्थ एवं आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनंदप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि भारत सरकार का यह अभियान प्राचीन औषधीय पौधों को संवर्धन करने एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए लाभदायक पहल की है। इसके पश्चात स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि एवं उनके सम्मान में राष्ट्र भक्ति गीतों की प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें ज्योति बुरड़क, मोनिका बुरड़क, संजू, पायल मीणा, रजनी स्वामी, हिमांशी चौधरी, ज्योति, कोमल प्रजापत, कंचन तथा दिव्या ने अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में मोनिका बुरड़क प्रथम, कोमल प्रजापत द्वितीय तथा हिमांशी चौधरी तृतीय स्थान पर रही। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में सहायक आचार्या प्रमोद ओला एवं स्नेहा शर्मा ने निभाई। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। संचालन स्वयंसेविका दिव्या पारीक ने किया।



फैलाने के अभियान को लाभदायक पहल बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ. आभा सिंह ने प्रारम्भ में कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। अंत में इकाई एनएसएस के द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह ने आभा ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका दिव्या पारीक ने किया। कार्यक्रम में 89 स्वयंसेविकाएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने किया योगासन

दिनांकः—23.08.2023

संस्थान में युवा एवं खेल मामले भारत सरकार तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली के द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रहे फिट इंडिया कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों के लिए योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया। स्पोर्ट्स कोच दशरथ सिंह ने योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास करवाया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। फिट—इंडिया कार्यक्रम समन्वयक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि 21 से 29 अगस्त 2023 तक भारत सरकार द्वारा चलाए गए खेलो



## एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने किया योगासन

लाडनूं. जैविभा विश्वविद्यालय में फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत योगाभ्यास करतीं स्वयंसेविकाएं।

**लाडनूं @ पत्रिका.** भारत सरकार के युवा एवं खेल मामलात विभाग तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे फिट इंडिया कार्यक्रमों की शृंखला में बुधवार को विद्यार्थियों के लिए योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में स्पोर्ट्स कोच दशरथ सिंह ने स्वयंसेविकाओं को योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास करवाया। फिट- इंडिया कार्यक्रम समन्वयक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि 29 अगस्त तक प्रतिदिन भारत सरकार की ओर से चलाए गए खेलो इंडिया अभियान के तहत विभिन्न खेल एवं योग गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा और 29 अगस्त को खेल दिवस मनाया जाएगा।



इंडिया अभियान के तहत विभिन्न खेल एवं योग गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा और 29 अगस्त को खेल दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम में 76 स्वयंसेविकाएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

फिट इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत रन फोर फिट का आयोजन

दिनांकः—25.08.2023


विद्यार्थियों ने रन फोर फिट अभियान के तहत लगाई दौड़

लाडनूं। जैन विश्वभारती संस्थान में युवा एवं खेल मामले भारत सरकार तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली के द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहे फिट इंडिया कार्यक्रमों की श्रृंखला में फिट एवं स्वस्थ रहने के लिए शुक्रवार को दौड़ करवाई गई। इस दौड़ में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इसका आयोजन एनएसएस समन्वयक तथा खेल सचिव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह, खेल प्रशिक्षक दशरथ सिंह के निर्देशन में किया गया।

संस्थान में युवा एवं खेल मामले भारत सरकार तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली के द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रहे फिट इंडिया कार्यक्रमों की श्रृंखला में फिट एवं स्वस्थ रहने के लिए शुक्रवार को दौड़ करवाई गई। इस दौड़ में विद्यार्थियों ने उत्साह



पूर्वक भाग लिया। इसका आयोजन एन.एस.एस. समन्वयक तथा खेल सचिव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह, खेल प्रशिक्षक दशरथ सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में 46 स्वयंसेविकाएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे

# फिट इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत खो–खो प्रतियोगिता का आयोजन

दिनांकः–26.08.2023

संस्थान में युवा एवं खेल मामले भारत सरकार तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली के द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में



राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रहे फिट इंडिया कार्यक्रमों की श्रृंखला में फिट एवं स्वस्थ रहने के लिए शनिवार को खो–खो खेल प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई ,जिसमें महारानी लक्ष्मीबाई टीम विजेता रही। विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लिया। इसका आयोजन एन.एस.एस. समन्वयक तथा खेल सचिव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह,खेल प्रशिक्षक दशरथ सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में 53 स्वयंसेविकाएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# फिट इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन

दिनांकः—28.08.2023

संस्थान में युवा एवं खेल मामले भारत सरकार तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली के द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में




राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रहे फिट इंडिया कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को फिट एवं स्वस्थ रहने के लिए 'स्वस्थ मन,स्वस्थ शरीर' विषय पर व्याख्यान रखा गया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता योग और जीवन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.प्रद्युमन सिंह शेखावत रहे। डॉ शेखावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बतलाया कि शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए मानसिक रूप से स्वस्थ रहना भी आवश्यक है । वर्तमान समय में बदलती दिनचर्या एवं खानपान के कारण युवावस्था में ही हम अनेक बीमारियों के शिकार बन रहे हैं,इसके लिए हमें अपने खान—पान तथा दिनचर्या में बदलाव लाने की आवश्यकता है । इसके साथ—साथ शारीरिक क्रियाएं एवं श्रम भी करना चाहिए ताकि हम स्वस्थ एवं फिट रह सके । शिक्षा विभाग के आईसीटी कक्ष में आयोजित इस व्याख्यान में संस्थान के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन एन एस एस समन्वयक व इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ.आभा सिंह, खेलसचिव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह व खेल प्रशिक्षक दशरथ सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में 137 स्वयंसेविकाएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# खेल दिवस पर ली स्वस्थ रहने की शपथ

दिनांकः—29.08.2023

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली तथा खेल एवं युवा मामले विभाग भारत सरकार द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार जैन विश्वभारती संस्थान में कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना में चल रहे 'फिट इंडिया अभियान' के कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत खेल दिवस के अवसर पर फिट रहने के लिए दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के निदेशक प्रो आनंदप्रकाश त्रिपाठी ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं



## खेल दिवस पर ली स्वस्थ रहने की शपथ

लाडनूं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली तथा खेल एवं युवा मामले विभाग भारत सरकार द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार जैन विश्वभारती संस्थान में कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना में चल रहे 'फिट इंडिया अभियान' के कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत खेल दिवस के अवसर पर फिट रहने के लिए दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के निदेशक प्रो आनंदप्रकाश त्रिपाठी ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को शपथ दिलाई। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. बी.एल. जैन, एन.एस.एस.समन्वयक व ईकाई प्रथम प्रभारी डॉ. आभा सिंह, इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह, डॉ. मनीष भटनागर, डॉ. अमिता जैन, डॉ. सरोज राय, प्रमोद ओला, कुशाल जांगिड़ आदि संकाय सदस्यों के साथ विद्यार्थियों ने भी शपथ ग्रहण की।




को शपथ दिलाई। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. बी.एल. जैन, एन.एस.एस.समन्वयक व ईकाई प्रथम प्रभारी डॉ. आभा सिंह, इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह, डॉ. मनीष

भटनागर, डॉ. अमिता जैन, डॉ. सरोज राय, प्रमोद ओला, कुशाल जांगिड़ आदि संकाय सदस्यों के साथ विद्यार्थियों ने भी शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में 54 स्वयंसेविकाएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# एन.एन.एस. द्वारा स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन

दिनांकः—01.09.2023

संस्थान में कुलपति प्रो. बच्छराज दुगङ के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में 1 सितंबर से 15 सितंबर तक चल रहे स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। आज प्रथम दिवस पर दोनों इकाइयों के




स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं को पखवाड़े में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी गई। डॉ. आभा सिंह द्वारा स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं को स्वच्छता के संदर्भ में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई एवं इस कार्यक्रम का औचित्य समझाया गया।  इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ बलबीर सिंह द्वारा इस स्वयंसेविकाओं एवं स्वयंसेवकों को किए जाने वाले कार्यों का आवंटन किया गया। कार्यक्रम में 100 स्वयंसेविकाएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# रैली निकालकर स्वच्छता के लिए किया जागरूक

दिनांकः—06.09.2023

संस्थान में कुलपति प्रो. बच्छराज दुगड के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में 1 सितंबर से 15 सितंबर तक चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत रैली निकाली गई जिसमें दोनों इकाइयों के स्वयंसेवक एवं स्वयं




सेविकाओं ने रैली में भाग लिया। इस रैली के माध्यम से स्वयंसेविकाओं एवं स्वयंसेवकों ने स्वच्छता बनाए रखने के लिए लोगों को जागरूक किया। रैली हरिजन बस्ती के शीतला माता मंदिर से शुरू होकर रैगर बस्ती,तेली रोड, नगर पालिका रोड, काली जी का चौक, ऋषभद्वार एवं भैया बगीची होते हुए संस्थान परिसर पहुंची । इस जागरूकता रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक एवं इकाई प्रथम प्रभारी डॉ आभा सिंह तथा इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ बलबीर सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 73 स्वयंसेविकाएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

दिनांकः—11.09.2023

संस्थान में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत 'स्वच्छता एवं स्वास्थ्य थीम' पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सीमा स्वामी प्रथम,मीनाक्षी भंसाली द्वितीय एवं नेहा पारीक तृतीय स्थान पर रही ।संस्थान के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक ने स्वस्थ स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता को आवश्यक बतलाया और स्वच्छता बनाए रखने के लिए हम रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा दें, इस हेतु स्वयंसेविकाओं को एवं स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह ने किया। कार्यक्रम में 108 स्वयंसेविकाएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



# आमजन को दिया स्वच्छता का संदेश

दिनांकः—12.09.2023

स्वच्छता जागरूकता पखवाड़े के अंतर्गत जैन विश्वभारती संस्थान में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में 'स्वच्छता जागरूकता रैली' का आयोजन किया गया। कुलसचिव प्रो. बीएल जैन ने रैली को हरी झंडी दिखाकर संस्थान परिसर से रवाना किया। इसके बाद रैली यहां छठी पट्टी, पहली पट्टी, गांधी चौक, सब्जी मण्डी होते हुए गोपालपुरा रोड की तरफ से वापस संस्थान पहुंची। पूरे मार्ग में इस रैली में स्वयंसेवी छात्राओं ने स्वच्छता जागरूकता संबंधी नारे लगाते हुए आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। रैली का नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक एवं इकाई प्रथम प्रभारी डॉ. आभा सिंह तथा इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह ने किया। इस रैली कार्यक्रम में 73 स्वयंसेविकाएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



# स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

दिनांकः—13.09.2023

संस्थान में चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाई के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने संस्थान परिसर तथा गोपालपुरा रोड पर श्रमदान किया। इस कार्यक्रम में सभी ने उत्साह पूर्वक अपना योगदान दिया और समाज में स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया । उपरोक्त सभी गतिविधियां राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक तथा इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह दोनों के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। श्रमदान कार्यक्रम में 70 स्वयंसेविकाएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।


पत्रिका

Share font-inc Image View Text

## स्वच्छता पखवाड़े के तहत किया श्रमदान

लाडनूं. गोपालपुरा रोड पर श्रमदान करते हुए एनएसएस की स्वयंसेविकाएं।

**लाडनूं @ पत्रिका.** जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय में चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाई के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने संस्थान परिसर तथा गोपालपुरा रोड पर श्रमदान किया। इसी प्रकार स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने छठी पट्टी के पास भी झाड़ू लगाकर तथा अवरुद्ध नालियों को साफ करके साफ-सफा[illegible] रखने का संदेश समाज में प्रसारि[illegible] किया। 15 सितम्बर तक चलने वा[illegible] इस पखवाड़े में राष्ट्रीय सेवा योजना [illegible] समन्वयक तथा इकाई प्रभारी डॉ[illegible] बलबीर सिंह के निर्देशन में समाज [illegible] स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दे[illegible] के साथ सार्वजनिक सफाई में सहयो[illegible] भी प्रदान किया जा रहा है।



# संस्थान में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस

दिनांकः—24.09.2023

संस्थान में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया जिसमें दूरस्थ शिक्षा निदेशालय के निदेशक तथा आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.आनंदप्रकाश त्रिपाठी मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर प्रो. त्रिपाठी ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को समाज सेवा के महत्व को उजागर करते हुए अपने उद्‌बोधन में बतलाया कि समाज सेवा का कोई विकल्प नहीं होता, हमें हमेशा समाज सेवा के प्रति रुचि की भावना रखनी चाहिए। समाज सेवा के प्रति हम तभी सहभागी रह सकते हैं जब हम संवेदनशील बने रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह ने किया और आभार ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक एवं इकाई प्रथम प्रभारी डॉ. आभा सिंह ने किया। कार्यक्रम में 174 स्वयंसेविकाएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।




**राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया**

लाडनूं. एनएसएस दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते प्रो. त्रिपाठी

**लाडनूं @ पत्रिका**. जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एनएसएस दिवस मनाया गया। दूरस्थ शिक्षा निदेशक तथा आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को समाज सेवा के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि समाज सेवा का कोई विकल्प नहीं होता हमें हमेशा समाज सेवा के प्रति रुचि की भावना रखनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी डॉ बलबीर सिंह ने किया।

# मतदान जागरूकता लघु नाटिका का आयोजन

दिनांकः—28.09.2023

संस्थान में सहायक निर्वाचन अधिकारी, लाडनूं से प्राप्त निर्देशानुसार विधानसभा चुनाव,2023 में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों इकाईयों के संयुक्त तत्ववावधान में लघु नाटिका का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेविकाओं ने अभिनय कर के मतदान जागरूकता एवं चेतना बढ़ाने का संदेश जारी किया। लघु नाटिका के मंचन में स्वयंसेविका हंसा कंवर, हर्षिता पारक, विमला, सीमा, पूजा आदि का विशेष योगदान रहा। इस नाटिका के निर्माण तथा प्रदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह का भी विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर करीब 37 स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं।


पत्रिका
Share
font-inc
Image View
Text

## नाटिका का मंचन कर बनाया स्वीप वीडियो

लाडनूं. मतदान को बढ़ाने के लिए संदेश देते स्वयं सेवक।

**लाडनूं @ पत्रिका.** सहायक निर्वाचन अधिकारी एसडीएम सुमन शर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत गुरुवार को यहां जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय में संचालित एनएसएस के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता के संबंध में एक वीडियो तैयार किया गया है। मतदान संबंधी इस वीडियो में लघु नाटिका के मंचन में छात्राओं ने अभिनय करके आमजन और विशेषकर ग्रामीण परिवेश के लोगों में मतदान के प्रति चेतना जागृत करने के लिए संदेश दिया गया है। इस नाटिका के वीडियो में छात्रा हंसा कंवर, निकिता खींची हर्षिता पारीक, पूजा चौधरी, विमला प्रमिला, सीमा, पालू, सरला, सोनू व उषा सारण ने अपने अभिनय की प्रस्तुति दी है। यह वीडियो तैयार करने में एनएसएस प्रभारी डा बलवीर सिंह का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गांधी जयंती के अवसर पर रैली का आयोजन

दिनांकः—30.09.2023

संस्थान में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में गांधी जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एन.एन. एस. की छात्राओं द्वारा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री का रूप धारण कर के अहिंसा एवं शांति के प्रचार हेतु रैली का नेतृत्व किया गया। रैली निकालने का उद्देश्य मैत्री, सहिष्णुता, भाईचारा, अहिंसा एवं शांति का प्रचार करना था। संस्थान के कुलसचिव प्रो. बी. एल. जैन द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। रैली का आयोजन डॉ. आभा सिंह द्वारा किया गया। रैली में  120 स्वयंसेविकाएं एवं स्वयंसेवक एवं विभिन्न विभागों के प्राध्यापक उपस्थित रहे।






# स्वयंसेवकों ने खानपुर गांव में की सफाई

दिनांकः—01.10.2023

संस्थान में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग,भारत सरकार द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार कुलपति प्रो. बच्छराज दुग़ड़ के संरक्षण तथा मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में गोद लिए गए गांव खानपुर में साफ—सफाई की गई। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 1 अक्टूबर 2023 को आयोजित विशेष सफाई कार्यक्रम (एक तारीख एवं घंटा) के तहत गोद लिए गए गांव में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं एवं स्वयंसेवकों ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तथा गांव के सार्वजनिक तालाब के आसपास साफ—सफाई कर राष्ट्रीय राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस अभियान में सहभागी बन समाज सेवा का परिचय दिया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह पंचायत समिति लाडनूं के सहायक विकास अधिकारी राधेश्याम सांखला तथा ब्लॉक स्वच्छता समन्वयक रामनिवास का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में 120 स्वयंसेविकाएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



# अमृत कलश तैयार किया संस्थान की स्वयंसेविकाओं ने

दिनांकः—12.10.2023

संस्थान में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत अमृत कलश तैयार किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ.बलबीर सिंह ने बताया सर्वप्रथम दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र




के निदेशक तथा आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनंदप्रकाश त्रिपाठी ने दो मुट्ठी मिट्टी डालकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया और संबोधित करते हुए बतलाया कि हमें ऐसे अभियानों में रुचि से भाग लेकर इन्हें सफल बनाना चाहिए । तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने अपने—अपने घरों से लाई गई मिट्टी कलश में डालकर अपनी सेल्फी फोटो लेकर पोर्टल पर अपलोड की और इस पुनीत कार्य में अपना दायित्व निर्वाह किया। कार्यक्रम में 36 स्वयंसेविकाएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शपथ क्रार्यक्रम का आयोजन

दिनांकः—27.10.2023

संस्थान में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ के मार्गदर्शन में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 3.0' के तहत आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के प्रार्थना हाल में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संयोजक प्रो. आनंदप्रकाश त्रिपाठी ने स्वच्छता बनाए रखने के लिए विद्यार्थियों को शपथ दिलाई एवं स्वच्छता के महत्व को उजागर किया। उन्होंने बताया कि इस अभियान की शुरूआत स्वयं से करनी चाहिए और साथ ही लोगों को भी स्वच्छता के




## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शपथ कार्यक्रम का आयोजन

लाडनूं. आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विद्यार्थियों का शपथ दिलाते प्रो. त्रिपाठी व अन्य।

**लाडनूं @ पत्रिका**. जैन विश्वभारती में कुलपति प्रो. बच्छराज दुगड़ के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के प्रार्थना हाल में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक प्रो. आनंदप्रकाश त्रिपाठी ने स्वच्छता बनाए रखने के लिए विद्यार्थियों को शपथ दिलाई एवं स्वच्छता के महत्व को उजागर किया। उन्होंने कहा कि हमें इस अभियान की शुरुआत स्वयं से करनी चाहिए और लोगों को भी प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम के सह-संयोजक कुलसचिव प्रो. बीएल जैन ने विद्यार्थियों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया और ऐसे अभियानों को राष्ट्र में स्वच्छता को बढ़ावा देने में सार्थक कदम बतलाया। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक समिति के सदस्य डॉ. बलबीर सिंह, प्रो. रेखा तिवाड़ी, डॉ अभिषेक चारण, श्वेता खटेड़, प्रेयस सोनी, मधुकर दाधीच, अनूप कुमार आदि संकाय सदस्यों के साथ घासीलाल शर्मा, हीरालाल देवासी सहित करीब 80 विद्यार्थी उपस्थित रहे।



लिए प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम के सह–संयोजक कुलसचिव प्रो.बी.एल.जैन ने विद्यार्थियों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया और ऐसे अभियानों को राष्ट्र में स्वच्छता को बढ़ावा देने में सार्थक कदम बताया। कार्यक्रम आयोजक समिति के सदस्य डॉ. आभा सिंह व डॉ. बलबीर सिंह, प्रो. रेखा तिवाड़ी, डॉ. प्रगति भटनागर, अभिषेक चारण, श्वेता खटेड़, प्रेयस सोनी, मधुकर दाधीच, अनूप कुमार, घासीलाल शर्मा, हीरालाल देवासी आदि के अलावा 53 स्वयंसेविकाएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# देश की स्वच्छता के लिए शुरूआत स्वयं से करें– प्रो. त्रिपाठी

दिनांकः–28.10.2023

भारत सरकार के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशानुसार जैन विश्वभारती



पत्रिका

Share font-inc Image View Text

## स्वच्छता ही सेवा अभियान में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लाडनूं @ पत्रिका.** जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय में शनिवार को स्वच्छता ही सेवा विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनंदप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि स्वच्छता मिशन 2014 से भारत सरकार की ओर से चलाया गया एक विशेष अभियान है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति लोगों के मन में जागरूकता पैदा करना एवं भारत को स्वच्छ राष्ट्र बनाना है। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि केवल हम तन की स्वच्छता अपितु मन की स्वच्छता को भी अपने हमें जीवन में अपनानी चाहिए। इसकी शुरूआत स्वयं से करनी है और इसके लिए अपने परिवार, संस्थान एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना है और यह हम सबका नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह ने किया। इस अवसर पर संस्थान के विद्यार्थी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेविकाएं एव स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।

लाडनूं.विश्वविद्यालय में आयोजित व्याख्यानमाला को संबोधित करते प्रो.त्रिपाठी

संस्थान में कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों द्वारा आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को स्वच्छता ही सेवा विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के निदेशक प्रो. आनंदप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाया गया एक विशेष अभियान 'स्वच्छता मिशन 2014' है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति लोगों के मन में



जागरूकता पैदा करना एवं भारत को स्वच्छ राष्ट्र बनाना है। उन्होंने विद्यार्थियों को से कहा कि तन की स्वच्छता के साथ व्यक्ति को मन की स्वच्छता भी अपने जीवन में अपनानी चाहिए और इसकी शुरूआत स्वयं से करते हुए अपने परिवार, संस्थान एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना चाहिए। यह हम सबका नैतिक दायित्व है। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम प्रभारी डॉ. आभा सिंह ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह ने किया। इस अवसर पर संस्थान के 185 स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

# स्वच्छता ही सेवा 3.0 अभियान के तहत रैली का आयोजन

दिनांक 30.10.2023


पत्रिका

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रैली का आयोजन

लाडनूं. स्वच्छता ही सेवा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए अधिकारी।

**लाडनूं @ पत्रिका.** विश्वविद्यालय अनुदा आयोग के निर्देशानुसार जैन विश्वभारत विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. बच्छराज दूगड़ वे मार्गदर्शन में चल रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की इस श्रृंखला में तीसरे दिन राष्ट्रीय सेवा योजन की स्वयंसेविकाओं ने रैली निकाल कर लोगों क जागरूक बनाया। रैली को कुलसचिव प्रो. बीएल जैन ने हरी झंडी दिखाकर परिसर से रवाना किया यहां से रैली विभिन्न मार्गो से होते हुए पुन विश्वविद्यालय पहुंची। इस दौरान सभ स्वयंसेविकाओं ने जन-जागरूकता के लि स्वच्छता की सेवा थीम पर नारे लगाए। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक तथ इकाई प्रथम प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह एवं डॉ अमिता जैन उपस्थित रहे।

संस्थान में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारत सरकार द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार कुलपति प्रो. बच्छराज दुगङ के मार्गदर्शन तथा निर्देशन में आयोजित हो रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रमों की इस श्रृंखला में तीसरे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने रैली निकाली जिसे संस्थान के कुलसचिव प्रो .बी. एल. जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली संस्थान परिसर से रवाना हुई एवं स्वच्छता की सेवा थीम पर नारें लगाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक तथा इकाई प्रथम प्रभारी डॉ. आभा सिंह, इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह एवं डॉ.अमिता जैन उपस्थित रहे एवं 63 स्वयंसेविकाएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# एकता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

दिनांक 31.10.2023

संस्थान में एन.एस.एस. द्वारा सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर कई




कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातःकाल स्वयंसेविकाओं एवं शिक्षा विभग की छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलवाई गई। प्रातः 10 बजे एकता दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेविकाओं के साथ–साथ संस्थान के प्रात्यपकों नें भी भाग लिया। दौड़




का आरम्भ दूरस्थ शिक्षा निदेशलय के निदेशक प्रो. आनन्द प्रकाश त्रिपाठी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्वयंसेवकों द्वारा रेलवे स्टेशन




के आस–पास साफ–सफाई किया गया। रेलवे स्टेशन मास्टर, लाडनूं द्वारा स्वयंसेवकों को रेल के आने एवं जाने कि प्रक्रिया समझाई गई। समन्वयक तथा इकाई प्रथम प्रभारी डॉ.




आभा सिंह, इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह द्वारा रेलवे स्टेशन मास्टर एवं अन्य




कर्मचारीयों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस कार्यक्रम में 100 स्वयंसेविकाएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन

दिनांक 21.12.2023

संस्थान में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम एक दवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम चरण में श्रमदान तथा युवा भारत पोर्टल पर स्वयंसेविकाओं एवं स्वयंसेवकों के रजिस्ट्रेशन में आ रही समस्याओ का समाधान करते हुए करीब सौ स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं का इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन का कार्य करवाया गया। दूसरे चरण में 'राष्ट्र सेवा एवं स्वयंसेवकों की भूमिका' विषय पर व्याख्यान रखा गया, जिसमें संस्थान के कुलसचिव प्रो. बी. एल. जैन मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में यह बतलाया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक केवल शिविरों में औपचारिकता न दिखाएं अपितु निष्ठा एवं लगन से निर्धारित कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम के उद्देश्यों को पूरा करने में योगदान दें। शिविर के अंतिम चरण में लाडनूं में स्थित मूक–बधिर विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को स्वयंसेवकों द्वारा ऊनी वस्त्र वितरित किए गए। उपरोक्त सभी कार्यक्रम समन्वयक एवं




**मूक-बधिर विद्यार्थियों को बांटे गर्म ऊनी वस्त्र**

लाडनूं . गर्म ऊनी वस्त्र वितरित करते एनएसएस के स्वयंसेवी।

**लाडनूं @ पत्रिका.** जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम चरण में श्रमदान तथा युवा भारत पोर्टल पर स्वयंसेविकाओं एवं स्वयंसेवकों के रजिस्ट्रेशन में आ रही समस्याओं का समाधान करते हुए करीब 100 स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं का इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन का कार्य करवाया गया। दूसरे चरण में 'राष्ट्र सेवा एवं स्वयंसेवकों की भूमिका विषय पर व्याख्यान हुआ। संस्था के कुलसचिव प्रो. बी.एल. जैन ने मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक केवल शिविरों में औपचारिकता नहीं दिखाएं, अपितु निष्ठा एवं लगन से निर्धारित कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम के उद्देश्यों को पूरा करने में योगदान भी दें। कार्यक्रम समन्वयक एवं प्रभारी डॉ बलबीर सिंह ने आभार व्यक्त किया।

इकाई प्रथम प्रभारी डॉ. आभा सिंह तथा इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह के निर्देशन




में संपन्न हुए। शिविर में 194 स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।



# सक्षम युवा सशक्त राष्ट्र के निर्माण का आधार—प्रो. जैन

दिनांकः—12.01.2024

संस्थान में संचालित शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त



**स्वामी विवेकानन्द के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान**

सफलता के लिए तैयार होना। अगर आप अपनी पूरी ताकत के साथ सफलता पाने के लिए तैयार हो जाते हैं तो एक दिन आपको सफलता निश्चित ही मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव से दूर रहकर लक्ष्य के साथ आगे बढ़ाने की बात कही कार्यक्रम में शिक्षक नेता जगदीश प्रसाद घिटाला ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयारी के टिप्स बताए, वही संस्थान निदेशक राजूराम बिडियासर ने आभार व्यक्त किया । संस्था के प्रधानाचार्य पुखराज मीडिया सर ने विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। इसी प्रकार विश्वभारती संस्थान के शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में ललिता जाँगिड़, ममता स्वामी, तनुश्री शर्मा, तमन्ना शर्मा, कुसुम, चिंकी, चेतना, साक्षी शर्मा आदि छात्राओं के साथ प्रमिला एवं उसके ग्रुप ने अपनी प्रस्तुतियां दी। मुख्य वक्ता प्रो. बी.एल. जैन ने कहा कि राष्ट्र का विकास सहज रूप से संभव होता है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक तथा इकाई प्रथम प्रभारी डॉ. आभा सिंह, इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. बलबीर सिंह, छात्रा रतन राठौड़ ने भी विचार व्यक्त किए।

तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य वक्ता प्रो . बी.एल. जैन रहे। सर्वप्रथम राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक तथा इकाई प्रथम प्रभारी डॉ. आभा सिंह ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया और संस्थान की विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा में अग्रणी रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. बी. एल. जैन ने अपने उद्बोधन ने में बतलाया कि युवाओं का दायित्व है कि वे अपने जीवन में लक्ष्य का निर्धारण करें और उन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निर्भय होकर सजाकतापूर्वक निष्ठा से अपने दायित्व संपन्न करें। यदि युवा सक्षम होगा तो उस राष्ट्र का



विकास भी सहज रूप से होगा और एक सक्षम राष्ट्र के रूप में उभर कर आएगा। अंत में इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ.बलबीर सिंह ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा रतन राठौड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ललिता जांगिड़, ममता स्वामी, तनुश्री शर्मा, तमन्ना शर्मा, कुसुम चिंकी, चेतना, साक्षी शर्मा आदि छात्राओं के साथ प्रमिला एवं उसके ग्रुप ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी। प्रतिभागियों की संख्या 124 रही।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

दिनांक–23.01.2024

संस्थान में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में 23 जनवरी को सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया । शिविर के मुख्य वक्ता दूरस्थ व ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के निदेशक तथा आचार्य कालू कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आनंदप्रकाश त्रिपाठी रहे। उद्घाटन सत्र में बोलते हुए प्रो.त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्र सेवा प्रत्येक युवा का नैतिक दायित्व है,इसे पूरा करने करने की पहल स्वयं से करनी होगी। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना गीत वसुंधरा सवार दे के एक–एक शब्द में राष्ट्र सेवा का भाव निहित है इस आदर्श को अंगीकार कर हम राष्ट्र सेवा के क्षेत्र में योगदान दे सकते हैं। हमें निरंतर गतिशील रहना चाहिए और बुराइयों का परित्याग कर क्रोध को नियंत्रित करने का प्रयास करना चाहिए ।कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना गीत द्वारा किया गया जिसे स्वयंसेविका खुशी जोधा व तनु यादव ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का



## राष्ट्र सेवा प्रत्येक युवा का नैतिक दायित्व, पहल स्वयं से करनी होगी

